राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

'' कम्बाइंड इंटरेन्स टेस्ट– बी०एड०–2019 (CET-B.Ed. 2019)'' की आयोजनगत तैयारियों पर राजभवन में बैठक हुई

पटना, 06 मार्च 2019

राजभवन में आज बी०एड० पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आगामी 10 मार्च, 2019 को होनवाली 'बी०एड० कम्बाइंड इंटरेन्स टेस्ट–2019' (CET-B.Ed., 2019) की तैयारियों की समीक्षा की गई।

समीक्षा बैठक में राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री विवेक कुमार सिंह, नालंदा खुला विश्वविद्यालय, पटना के कुलपति प्रो० रविन्द्र कुमार सिन्हा, पटना प्रमंडल के आयुक्त श्री रार्बट एल० चोंग्थू, राज्यपाल सचिवालय के संयुक्त सचिव श्री विजय कुमार सहित मगध एवं मुंगेर प्रमंडल को छोड़कर राज्य के शेष प्रमंडलों के आयुक्त के सचिवों ने भाग लिया।

बैठक में कहा गया कि विगत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण परीक्षा–संचालन में जिला प्रशासन का भरपूर सहयोग अपेक्षित है। बैठक में अधिकारियों को कहा गया कि सभी प्रमंडलीय आयुक्त संबंधित सभी जिला पदाधिकारियों से समन्वय बनाते हुए परीक्षा कदाचारमुक्त रूप में कृपया आयोजित कराना सुनिश्चित करेंगे।

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि सभी परीक्षा–केन्द्रों पर जैमर लगाये जाएँगे तथा परीक्षार्थी किसी भी प्रकार का कोई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस या मोबाईल फोन आदि परीक्षा केन्द्र पर नहीं ले जा सकेंगे। ज्ञातव्य है कि परीक्षा में विद्यार्थियों को 'ओ०एम०आर० शीट' पर अपने प्रश्नोत्तर जमा करने हैं।

बैठक में अधिकारियों को कहा गया कि राज्य में दूसरी बार 'कम्बाइंड इंटरेन्स टेस्ट–बी०एड०' का आयोजन हो रहा है, जिसे हर हालत में स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण रूप में सम्पन्न कराना विश्वविद्यालय–प्रशासन, जिला प्रशासन एवं सम्बद्ध सभी अधिकारियों की सामूहिक जिम्मेवारी है।

बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी प्रमंडलीय आयुक्त जिलों में स्थापित परीक्षा केन्द्रों पर ससमय परीक्षा–सामग्रियों के पहुँचने, संबंधित पदाधिकारियों/अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति, परीक्षा–परिसरों में निषेधाज्ञा धारा–144 के कार्यान्वयन, मोबाइल सहित हर प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसों के प्रयोगों पर प्रतिबंध, परीक्षा कार्य में तैनात अधिकारियों, वीक्षकों आदि के परीक्षा संबंधी मार्ग–दर्शन तथा उनसे संबंधित 'मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट' के कार्यान्वयन आदि आवश्यक विन्दुओं पर अपने प्रमंडलान्तर्गत सभी जिलाधिकारियों को समुचित निदेश प्रदान करेंगे।

ज्ञातव्य है कि 'CET-B.Ed., 2019' की इस बार की परीक्षा में रेगुलर मोड के कुल 89705 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं, जो 10 मार्च, 2019 को पूर्वाह्न 09:00 बजे से 11:00 बजे तक राज्य के कुल–124 परीक्षा–केन्द्रों पर परीक्षा देंगे।

आगे पृष्ठ...2 पर

यह परीक्षा राज्य के पटना, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, सहरसा, मधेपुरा, पूर्णिया, भागलपुर, आरा एवं छपरा के 124 परीक्षा–केन्द्रों पर आयोजित होगी। राजधानी पटना के 51 परीक्षा–केन्द्रों पर 40,570, मुजफ्फरपुर के 13 परीक्षा केन्द्रों पर 10,144, दरभंगा के 18 परीक्षा केन्द्रों पर 10,881, भागलपुर के 10 परीक्षा केन्द्रों पर 7,689, पूर्णिया के 07 परीक्षा केन्द्रों पर 4,817, आरा के 09 परीक्षा केन्द्रों पर 6,942, मधेपुरा के 4 परीक्षा केन्द्रों पर 2,490, सहरसा के 03 परीक्षा केन्द्रों पर 1692 एवं छपरा के 9 परीक्षा केन्द्रों पर 4480 परीक्षार्थीगण परीक्षा में शामिल हो सकेंगे।

प्रत्येक परीक्षा–केन्द्र पर राज्य नोडल पदाधिकारी द्वारा विश्वविद्यालय शिक्षकों को प्रेक्षक के रूप में प्रतिनियुक्त किया जा रहा है, जबकि जिला प्रशासन भी एक दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति परीक्षा–केन्द्र पर करेगा। कुशल परीक्षा–संचालन के लिए जोनल समन्वयक, नोडल ऑफिसर प्रतिनिधि, पेट्रोलिंग दंडाधिकारी तथा विश्वविद्यालय शिक्षक–प्रेक्षक आदि की भी तैनाती की जा रही है। परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा–कार्य में परीक्षार्थियों, प्रतिनियुक्त प्रेक्षकों व पदाधिकारियों तथा वीक्षकों को छोड़कर अन्य सभी का प्रवेश पूर्णतः वर्जित होगा।

बैठक में नालंदा खुला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो॰ आर॰के॰ सिन्हा ने अपने प्रेजेन्टेशन के जरिये परीक्षा–संचालन की सम्पूर्ण व्यवस्था से सभी अधिकारियों को अवगत कराया।

....